या नहीं इस बारे में भी कोई बातचीत हुई है क्या ?

श्री आरिफ मोहम्मद खान : कहीं से भी चाहे सोवियत संघ से या उसके अलावा दूसरे देशों से अगर हम इक्युपमेंट मंगाते हैं तो उसमें भारतीय इंजीनियरों को उसमें प्रशिक्षण दिया जाए, वह उसका इस्तेमाल खुद कर सकें क्योंकि वह भी उसका महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं, यह कार्यक्रम जारी है ।

*345. [*The questioner (Shri Kamal Morarka) was absent. For answer vide cols. 42-43 infra*].

मध्य प्रदेश के शहरों में एल. पी. जी. रिफिलों की भारी कमी

*346. **श्री अजीत जोगी :** क्या पैट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह जानकारी है कि पूरे मध्य प्रदेश में अचानक खाना पकाने की गैस की भारी कमी हो गई है और जबलपुर, इन्दौर, भोपाल, रायपुर तथा ग्वालियर में एक से दो महीने की अवधि के बाद रिफिल सप्लाई किये जाते हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और इस कठिनाई को दूर करने के लिये क्या उपाय किये जा रहे हैं ; और

(ग) क्या अन्य राज्यों में भी ऐसी समस्या है ?

पैट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम० एस० गुरूपदस्वामी): (क) और (ख) लगातार वर्षा, परिवहन समस्याओं और आयात टैंकर के न पंहुचने के परिणामस्वरूप थोक एल० पी० जी० की उपलब्धता में अड़चन की वजह से मध्य प्रदेश के कुछ स्थानों में हाल में एल० पी० जी० रिफिलों की सप्लाई में अस्थायी कमी की रिपोर्ट प्राप्त हुई थी। उपभोक्ताओं की नियमित सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए स्थिति पर ध्यानपूर्वक निगाह रखी जा रही है ।

(ग) देश के कुछ अन्य स्थानों से ऐसी अस्थायी कमियों की रिपोर्ट भी मिली हैं ।

श्री अजीत जोगी : महोदय, मंत्री जी का उत्तर अक्षमता को छिपाने का असफल प्रयास है । मैंने मध्य प्रदेश के जिन शहरों का जिक्र किया है । वे प्रदेश में चारों ओर स्थित हैं । अगर एक जगह परिवहन की कठिनाई थी तो दूसरी जगह नहीं हो सकती । जैसे यदि रायपुर में कठिनाई थी तो ग्वालियर में नहीं हो सकती । इसका मतलब यह है कि आपकी अक्षमता रही है और जो डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम है वह अच्छा नहीं है । तो इस बारे में क्या आप डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम को और कारगर बनाने के लिए प्रयास करेंगे ?

श्री सभापति : अवश्य । Question Hour is over